RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : गुरुवार, 10 नवंबर 2022 | वर्ष 04 | अंक 176 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक

# रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## अभद्र भाषा के इस्तेमाल पर सुप्रिया का पलटवार...!

### मंत्री सत्तार को लेकर दिया ये बड़ा बयान



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के मंत्री अब्दुल सत्तार द्वारा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सांसद सुप्रिया सुले के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने के एक दिन बाद, राज्य के विभिन्न हिस्सों में विरोध प्रदर्शन जारी रहा और उन्हें कैबिनेट से बर्खास्त करने की मांग की गई. 'अपशब्द' पर अपनी पहली प्रतिक्रिया में सुले ने कहा कि सत्ता में रहने वाले किसी व्यक्ति से ऐसी भाषा की उम्मीद नहीं की गई थी और यह महाराष्ट्र की संस्कृति और महिलाओं के सम्मान की परंपराओं के खिलाफ है. सत्तार के अपशब्द, जिसने सत्तारूढ़ बालासाहेबंची शिवसेना (बीएसएस) को भी माफी मांगने के लिए मजबूर कर दिया.

उन्होंने उस प्रकरण पर भी अपनी स्पष्ट नाराजगी व्यक्त की, जिसमें राज्य भर में एनसीपी कार्यकताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन के अलावा कांग्रेस, शिवसेना-यूबीटी और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के नेताओं के जोरदार विरोध प्रदर्शन हुए. हालांकि सत्तारूढ़ बीएसएस और सहयोगी भारतीय जनता पार्टी के नेताओं ने इसे नजरअंदाज कर दिया, कुछ नेताओं ने कहा कि सत्तार की माफी के बाद मामले को बंद माना जाना चाहिए. सुले ने कहा कि मंत्री की भाषा घिनौनी थी, जिसकी हर तरफ निंदा हो रही है, उन्हें ज्यादा महत्व देने की कोई जरूरत नहीं है. उन्होंने आग्रह किया, मैं आपके समर्थन के लिए आप सभी का धन्यवाद करती हूं. मैं आपसे अनुरोध करती हूं कि अब इस मामले पर टिप्पणी करना बंद कर दें.

## मुंबई में वोट बैंक की राजनीति गरमाई...



### 'मराठी मुस्लिम' के बाद अब 'उत्तर भारतीयों' को रिझाने में जुटा उद्धव खेमा...

**मुंबई :** जैसे-जैसे मुंबई में बीएमसी इलेक्शन नजदीक आ रहे हैं महाराष्ट्र की राजनीति में नए-नए वोट बैंक समाने आने लगे हैं। कुछ ही दिन पहले जहां उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना 'मराठी मुस्लिमों' को साधते हुए दिखाई दे रहे थे, तो अब एक और वोट बैंक निकल आया है। जिन उत्तर भारतीयों पर कभी शिवसेना के तेवर कड़े हुआ करते थे अब उन्हीं उत्तर भारतीयों को पार्टी रिझाने का काम कर रही हैं।

ऐसा लगता है कि अब उद्धव खेमे को अब उत्तर भारतीयों के साथ की आवश्यकता पड़ने लगी है। अब उद्धव खेमे का कहना है कि शिवसेना ने उत्तर भारतीयों को झोली भर-भरकर दिया ही है। उत्तर भारतीयों ने भी पिछले पांच दशकों से शिवसेना के साथ ही रहना पसंद किया है। इसकी सबसे बड़ी वजह हैं बाबा साहेब ठाकरे का हिंदुत्व। उद्धव ठाकरे ने यह भी माना है कि उत्तर भारतीय समाज और शिवसेना के बीच दरार पैदा हुई थी। मुंबई में 40 लाख से ज्यादा उत्तर भारतीयः बता दें कि मुंबई में 40 लाख से भी अधिक उत्तर भारतीय रहते हैं। इस समय शिवसेना (उद्धव गुट) अपना बुरा दौर देख रही है। पार्टी में बगावत के सुरों के बाद विधायकों का साथ छूटने के बाद पार्टी का नाम और चुनाव चिन्ह दोनों ही जब्त हो गया। इसके बाद अब उन्होंने उत्तर भारतीयों का कार्ड खेला है। वहीं, अब बीजेपी ने इसपर जमकर हमला बोला है। बीजेपी का कहना है कि शिवसेना (उद्धव गुट) सत्ता से बाहर होते हुए भी उत्तर भारतीयों को परेशान करती थी और उनसे जबरन वसूली करती थी। इसे उद्धव गुट के नए मास्टर स्ट्रोक के तौर पर आंका जा रहा है।

## 18 करोड़ की हेरोइन के साथ विदेशी वृद्ध नागरिक गिरफ्तार!



**मुंबई :** सीबीआई ने 74 वर्षीय विदेशी नागरिक को मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 18 करोड़ रुपए की 6 किलो से अधिक हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। सीबीआई को उसके एक बड़े सिंडिकेट का हिस्सा होने का अंदेशा है। अदालत ने उसे 15 नवंबर तक सीबीआई की हिरासत में भेज दिया है। सीबीआई अधिकारियों ने गुप्त सूचना पर मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पोलिश नागरिक जैसिंकी आंद्रेजेज विस्लॉ (74) को पकड़ा। वह जिम्बाब्वे से इथियोपिया होते हुए मुंबई पहुंचा था। जब उसके सामानों की तलाशी ली गयी, तो उसके एक बैग से 18 करोड़ रुपए की 6 किलो से अधिक हेरोइन बरामद हुई।

## संजय राउत को जमानत मिलने पर सामने आई अबु आजमी की प्रतिक्रिया...

## ईडी पर भी साधा निशाना

**मुंबईः** शिवसेना नेता संजय राउत को गुरुवार को जमानत मिलने पर महाराष्ट्र के सपा नेता अबु आजमी की प्रतिक्रिया सामने आई है. पात्रा चॉल घोटाले में संजय राउत को कोर्ट से मिली जमानत पर अबु आजमी ने खुशी जताई है. उन्होंने कहा कि ये सभी का अधिकार है. मामला चलता रहेगा अगर वे दोषी होंगे तो उनपर आगे कार्रवाई सकती है, लेकिन बेल नहीं देना ED केस में गलत प्रथा चल रही है. साथ ही उन्होंने कहा कि नवाब मलिक को भी जल्द बेल मिलनी चाहिए.

बता दें कि शिवसेना सांसद संजय राउत को गुरुवार को पीएमएलए कोर्ट ने बड़ी राहत देते हुए जमानत दे दी है.



शिवसेना नेता संजय राउत फिलहाल मुंबई की पात्रा चॉल घोटाले के मामले में जेल में बंद हैं. पात्रा चॉल पुनर्विकास परियोजना से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में शिवसेना नेता संजय राउत को उनकी कथित भूमिका के लिए 1 अगस्त को गिरफ्तार किया था. इसके बाद राउत ने अपनी जमानत याचिका के लिए कई बार अदालत का दरवाजा खटखटाया लेकिन उन्हें जमानत नहीं मिली थी.

### ईडी ने खटखटाया हाई-कोर्ट का दरवाजा

शिवसेना सांसद संजय राउत की जमानत के खिलाफ ईडी ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. मुंबई की सेशन कोर्ट के फैसले के खिलाफ केंद्रीय एजेंसी हाई कोर्ट पहुंची है. पात्रा चॉल घोटाला मामले में शिवसेना के प्रवक्ता और राज्यसभा सांसद संजय राउत को बुधवार को एक विशेष अदालत ने जमानत दे दी है. राउत फिलहाल न्यायिक हिरासत में है और मुंबई की आर्थर रोड जेल में बंद हैं.

## जेल में बंद संजय राउत को बड़ी राहत!

### मनी लॉन्ड्रिंग के इस मामले में मिली जमानत

**मुंबईः** मनी लॉन्ड्रिंग केस में महीनों से जेल में बंद शिवसेना (उद्धव गुट) नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत को बड़ी राहत मिली है. मुंबई की एक विशेष अदालत ने पात्रा 'चॉल' पुनर्विकास परियोजना से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में शिवसेना सांसद संजय राउत को बुधवार को जमानत दे दी. संजय राउत फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं और मुंबई की आर्थर रोड जेल में बंद हैं.



पीएमएलए यानी धन शोधन निवारण अधिनियम से संबंधित मामलों की सुनवाई के लिए नामित विशेष न्यायाधीश एम.जी. देशपांडे ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद संजय राउत की जमानत याचिका को मंजूर कर लिया. बता दें कि ईडी यानी प्रवर्तन निदेशालय ने राज्यसभा सदस्य संजय राउत को इस साल जुलाई में उपनगरीय गोरेगांव में पात्रा 'चॉल' के पुनर्विकास में कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उनकी कथित संलिप्तता के लिए गिरफ्तार किया था. संजय राउत ने अपनी जमानत याचिका में दावा किया था कि उनके खिलाफ मामला 'सत्ता के दुरुपयोग' और 'राजनीतिक प्रतिशोध' का उदाहरण है. हालांकि, ईडी ने राउत की याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि उन्होंने पात्रा चॉल पुनर्विकास से संबंधित धनशोधन मामले में प्रमुख भूमिका निभाई और धन के लेन-देन से बचने के लिए 'पर्दे के पीछे' से काम किया. ईडी की जांच पात्रा चॉल के पुनर्विकास से संबंधित कथित वित्तीय अनियमितताओं और कथित रूप से उनकी पत्नी और सहयोगियों से संबंधित वित्तीय लेनदेन से संबंधित है. मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय ने अदालत से शुक्रवार तक जमानत आदेश को प्रभावी नहीं करने का अनुरोध किया है.

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# चेतने का समय


जिस वक्त मिस्र के शर्म अल-शेख में दुनिया भर के करीब 100 देशों के शासनाध्यक्ष जलवायु परिवर्तन पर माथापच्ची में जुटे हैं, ठीक उसी वक्त देहरादून स्थित 'इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग' (आईआईआरएस) के वैज्ञानिकों का खुलासा चिंतित करने वाला है। आईआईआरएस के वैज्ञानिकों ने जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल और उत्तराखंड के सैटेलाइट डाटा के विश्लेषण के आधार पर आगाह किया है कि देश के उत्तर-पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र के तापमान में बढ़ोतरी के कारण हिमालय पर बर्फ तेजी से पिघल रही है, जिससे अगले कुछ वर्षों में तो गंगा और यमुना जैसी इससे जुड़ी नदियों में भरपूर पानी रहेगा, लेकिन बाद के वर्षों में इनमें पानी घटना शुरू हो जाएगा, जो गंभीर जल संकट पैदा कर सकता है। वैज्ञनिकों का दावा है कि हिमालय में 'स्नो लाइन क्वर' हर साल पांच से दस मीटर पीछे खिसक रहा है, यानी बर्फ की मात्रा में कमी आ रही है। इससे स्वाभाविक ही इसकी नदियों का जलस्तर प्रभावित होगा। देश, खासकर उत्तर भारत के जल-संसाधन में इन नदियों की क्या अहमियत है और ये कितनी विशाल आबादी की जीवनधारा हैं, यह बताने की जरूरत नहीं होनी चाहिए।

कुछ साल पहले तक तापमान में बढ़ोतरी की बहस को बौद्धिक विलास कहकर इसका उपहास उड़ाने वाली जमातें भी अब हालात की गंभीरता स्वीकारने लगी हैं। यही नहीं, अब आम आदमी भी इसका असर साफ-साफ महसूस कर रहा है। नवंबर का दूसरा सप्ताह चल रहा है और राष्ट्रीय राजधानी में लोग पंखे चलाकर सो रहे हैं। गौर कीजिए, यह क्षेत्र सर्वाधिक वायु प्रदूषण वाले इलाकों में शुमार है। ऐसे में, हिमालय पर कम बर्फ गिरने और उनके तेजी से पिघलने को लेकर जो बातें कही गई हैं, उन पर गौर किया जाना चाहिए। दुखद यह है कि ऐसी रिपोर्टें लगातार आ रही हैं, मगर इस दिशा में जिस तत्परता से कदम उठाए जाने चाहिए, वह नहीं हो पा रहा। इसके विपरीत संवेदनशील इलाकों की पारिस्थितिकी के साथ खिलवाड़ वाली गतिविधियां जारी हैं। इसी वर्ष अप्रैल में 'जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया' के नेतृत्व में विभिन्न संगठनों के विशेषज्ञों ने अपने अध्ययन में पाया था कि हिमालयी क्षेत्र के ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं।

यह ठीक है कि ग्लेशियरों का पिघलना कुदरती प्रक्रिया है, उसमें मनुष्य का जोर नहीं, पर क्या पहाड़ों की पारिस्थितिकी बिगाड़ने में भी इंसानों का कोई दखल नहीं है? बाढ़, चक्रवाती तूफान और बादलों के फटने जैसी कुदरती आपदाओं में लगातार बढ़ोतरी की वजह बिगड़ता पर्यावरण है, इसे कई वैज्ञानिक अध्ययनों ने पुष्ट किया है। विडंबना यह है कि ग्लोबल वार्मिंग के लिए सबसे अधिक जिम्मेदार देश इसकी कीमत चुका रहे गरीब देशों की पुकार सुनने को अब भी तैयार नहीं। मगर यह किसी एक क्षेत्र या देश का नहीं, पूरी मानवता का मसला है। कोविड-19 ने साफ कर दिया है कि कुदरती संकटों से अमीर मुल्क भी निरापद नहीं रहने वाले। इसलिए, आने वाली पीढ़ियों की खातिर यदि प्राकृतिक संसाधनों को अक्षुण्ण रखना है, तो उसके लिए देशों को आपसी सामंजस्य बनाना ही होगा।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# कॉमेडियन वीर दास पर दर्ज हुई एफआईआर




**मुंबई** : यूट्यूब पर अपने वीडियोज से धमाल मचानेवाले फेमस कॉमेडियन वीर दास कॉपी राइट के उल्लंघन के मामले में फंस गए हैं। अपने एक वीडियो की वजह से वो फिर से मुश्किलों में फंस गए हैं। मुंबई पुलिस ने एक निमार्ता की शिकायत के बाद कॉपीराइट नियमों के उल्लंघन के आरोप में कॉमेडियन वीर दास, दो अन्य व्यक्तियों और ओटीटी मंच नेटफ्लिक्स के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। निमार्ता अश्विन गिडवानी ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में कहा है कि अक्टूबर २०१० में उनकी कंपनी ने एक शो को बनाने के लिए दास के साथ एक डील पर साइन किए थे।

कफ परेड थाने के एक अधिकारी ने कहा कि शिकायत के अनुसार जनवरी २०२० में जब गिडवानी ने नेटफ्लिक्स पर दास के एक नए शो का टीजर देखा तो मेकर्स ने पाया कि कुछ कॉन्टेंट को (२०१० के) पिछले शो से कथित तौर पर कुछ बदलावों के साथ जस का तस लिया गया था। अधिकारी ने कहा, 'गिडवानी की शिकायत के आधार पर चार नवंबर को दास, दो अन्य व्यक्तियों और नेटफ्लिक्स सेवा के खिलाफ कॉपीराइट अधिनियम के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था।'

उन्होंने बताया कि इस मामले में अभी तक किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं किया गया है और मामले के संबंध में जांच की जा रही है। सोमवार को दक्षिणपंथी समूह 'हिंदू जनजागृति समिति' ने दास के खिलाफ बंगलुरु पुलिस से दास के शो को रद्द करने की मांग करते हुए कहा कि यह हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं को आहत करेगा। पिछले साल पुलिस ने दास के खिलाफ उनके एक वीडियो को लेकर शिकायतें दर्ज की थीं। इसके बाद कॉमेडियन ने एक बयान जारी कर कहा था कि उनके कॉमेंट्स देश का अपमान करने के इरादे से नहीं किए गए थे।

# डीसीएम ने किए १०४ ट्रांसफर, डीजीपी ने लगाई ९ पर रोक!




**मुंबई** : उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के अधीनस्थ गृह विभाग द्वारा किए गए १०४ आईपीएस अधिकारियों के तबादले को लेकर नया पेच निर्माण हो गया है। इस पुलिसिया तबादले को लेकर 'ईडी' सरकार को राज्य के डीजीपी ने 'धीरे' से झटका दिया है। डीसीएम द्वारा किए गए १०४ में से ९ अधिकारियों के तबादले पर डीजीपी ने तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। गौरतलब है कि राज्य गृह विभाग ने पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल किया था। इसमें पुलिस उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक पद के अधिकारी शामिल हैं। हालांकि इसके एक दिन बाद ही डीजीपी ने राज्य सरकार के कामकाज में दखल दे दिया है। पुलिस स्थापना बोर्ड कार्यालय ने डीजीपी का एक नया आदेश जारी करते हुए डीसीपी रैंक के नौ अफसरों के तबादले पर रोक लगाई है।

# ठाणे/ शराब के लिए भतीजे ने बुआ पर किया जानलेवा हमला...!




**ठाणे** : ठाणे के वर्तक नगर में एक युवक ने अपनी बुआ की हत्या करने का प्रयास किया। जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गई। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने अपनी बुआ से दारु पीने के लिए पैसे मांगे, लेकिन उसने देने से इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर गुस्से में आकर भतीजे ने अपनी बुआ पर कोयता और चाकू से वार किया। आरोपी के खिलाफ वर्तक नगर पुलिस स्टेशन में आपराधिक मामले दर्ज कराए गए हैं।

ठाणे के लोकमान्य नगर पाडा नं. 4, में रहने वाली वयोवृद्ध बुआ का नाम मैनाताई खांजोडे है। जिसकी उम्र 79 साल बताई गई है प्राणघातक हमले प्रकरण में आरोपी भतीजे किशन गंगार्डे के खिलाफ हत्या के प्रयास के मामले दर्ज किए गए हैं। स्थानीय पुलिस का कहना है कि संबद्ध आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**बुआ गंभीर रूप से घायल हो गई**

गंभीर रूप से घायल बुआ मैनाताई खांजोडे, रहती है। जानकारी के अनुसार आरोपी भतीजा किशन गंगार्डे ने दारु पीने के लिए पैसे की मांग की। बुआ ने पैसे देने से इनकार कर दिया। जिस कारण गुस्से में आकर उसने धारदार हथियार से बुआ पर हमला कर दिया। बताया जाता है कि बुआ गंभीर रूप से घायल हो गई। बाद में लोगों ने घायल बुआ को कलवा स्थित छत्रपति शिवाजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया। इस मामले को लेकर 35 वर्षीय एक महिला ने वर्तक नगर पुलिस स्टेशन में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। जिसकी जांच पड़ताल की जा रही है।

# बैंक अकाउंट हैक कर 99 लाख 79 हजार 800 रुपए की चपत...!




**ठाणे** : ठाणे शहर में रहने वाले एक व्यक्ति के बेटे का बैंक अकाउंट हैक कर उसके खाते से एक करोड़ रुपए निकाले जाने का मामला सामने आया है। इस साइबर जालसाजी के खिलाफ फरियादी पिता मोहम्मद इलियास मोहम्मद ईसा खान (67) ने वागले पुलिस स्टेशन में अज्ञात जालसाजों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। खाते से नेट बैंकिंग द्वारा 99 लाख 79 हजार 800 रुपए निकाल लिया। जानकारी के अनुसार ठाणे के वागले एस्टेट परिसर के रघुनाथ नगर में फरियादी मोहम्मद इलियास मोहम्मद ईसा खान के बेटे के नाम पर आई क्राय इंटरप्राइजेज कंपनी है। इस कंपनी का खाता एचडीएफसी बैंक में है। कंपनी का सारा व्यवहार नेट बैंकिंग के द्वारा होता है। इसी बीच किसी अज्ञात साइबर जालसाज ने उसके बेटे का बैंक अकाउंट हैक कर बैंक खाते से 99 लाख 79 हजार 800 की रकम निकाल ली। जैसे ही जालसाजी की जानकारी फरियादी को मिली, उन्होंने तुरंत वागले पुलिस स्टेशन में जाकर अज्ञात अपराधियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। आगे पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। लेकिन किसी भी तरह का सुराग पुलिस को हाथ नहीं लगा है। जबकि जालसाजी की यह वारदात 6 से 7 नवंबर के बीच होने की बात कही गई है।

फरियादी का कहना है कि मैसर्स आई क्रय इंटरप्राइजेज कंपनी का बैंक खाता उनके बेटे के नाम पर है। साइबर जालसाजों ने उसके बेटे का बैंक अकाउंट हैक कर लिया और उसके इस साइबर जालसाजों के खिलाफ फरियादी स्थानीय पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। आगे मामले की जांच पुलिस कर रही है।



# 17 लाख सरकारी कर्मचारी करेंगे हड़ताल



**मुंबई :** राज्य के १७ लाख सरकारी कर्मचारियों के प्रति सीएम एकनाथ शिंदे और डीसीएम देवेंद्र फडणवीस की उदासीनता साफ झलक रही है। हीरक जयंती समारोह के लिए राज्य सरकारी कर्मचारी मध्यवर्ती संगठन द्वारा चार बार निमंत्रण देने के बावजूद शिंदे और फडणवीस शामिल नहीं हुए, जिससे कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। दूसरी तरफ सरकार पुरानी पेंशन योजना को लेकर कोई निर्णय नहीं ले रही है, जिसे लेकर सरकारी कर्मचारियों ने हड़ताल पर जाने का मन बनाया है। बता दें कि संस्था का हीरक महोत्सव शिवाजी मंदिर में आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम में सीएम शिंदे और डीसीएम फडणवीस को आमंत्रित किया गया था। दोनों का नाम छपा था। लेकिन उसके बावजूद दोनों में से कोई नहीं गया। दोनों नेताओं की अनुपस्थिति से सरकारी कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। इस संदर्भ में संस्था के महासचिव विश्वास काटकर ने कहा कि कर्मचारियों के लिए नए रूप से लागू की गई पेंशन योजना पर पहले से ही नाराजगी है। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के इस संगठन के हीरक महोत्सव कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने से कर्मचारियों की और नाराजगी बढ़ गई है। अब यह नाराजगी उफान पर आ सकती है। आगामी दिनों में हड़ताल हो सकती है। सरकार स्थिर नहीं है। इसलिए कर्मचारियों के कार्यों पर सरकार का ध्यान नहीं जा रहा है। हमारी मांग के लिए सरकार को हमने अल्टीमेटम दिया है, ऐसी चेतावनी भी विश्वास काटकर ने दी है।

# मुंबई में फिर आतंकी हमला करना चाहता था दाऊद इब्राहिम

## पाक से भेजे थे पैसे और...; NIA का बड़ा दावा

**मुंबई:** एनआईए ने अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम को लेकर अपनी चार्जशीट में एक बड़ा और सनसनीखेज दावा किया है. जांच एजेंसी एएनआई ने दावा किया है कि अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम एक बार फिर मुंबई में बड़ा आतंकी हमला करना चाहता था. इसके लिए दाऊद ने पाकिस्तान से पैसे भी मुंबई भेजे थे। पैसे हवाला के जरिए पाकिस्तान से सूरत और सूरत से मुंबई आए थे. हालांकि, हमले के लिए और भी पैसे आने थे, इस से पहले ही एनआईए ने डी कंपनी के 3 लोगों को गिरफ्तार कर लिया.

इस बाबत एनआईए ने अपनी चार्जशीट में पूरा खुलासा किया है कि कैसे दाऊद एक बार फिर मुंबई को आतंकी हमले से दहलाने की फिराक में था. एनआईए के मुताबिक, 25 लाख रुपए की पहली किस्त पाकिस्तान से मुंबई आई थी. यह पूरा पैसा दाऊद का करीबी छोटा शकील के रिश्तेदार सलीम के पास आया था. बता दे कि



दाऊद इब्राहिम कराची में रहता है और फिलहाल वह आईएसआई के इशारों पर काम करता है. दरअसल, बीते दिनों एनआईए यानी राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने शनिवार को भगोड़े डॉन दाऊद इब्राहिम, उसके करीबी छोटा शकील और गिरफ्तार किए गए तीन व्यक्तियों के खिलाफ मुंबई की एक विशेष अदालत में आरोपपत्र दायर किया था. एनआईए के एक प्रवक्ता ने कहा कि आरोपपत्र वैश्विक आतंकवादी नेटवर्क और अंतरराष्ट्रीय संगठित आपराधिक गिरोह, अर्थात डी-कंपनी से संबंधित एक मामले में दायर किया गया, जो भारत में विभिन्न आतंकवादी और आपराधिक गतिविधियों में शामिल है.

एनआईए के प्रवक्ता ने कहा कि मामला तीन फरवरी को पुलिस थाना एनआईए मुंबई में गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम और महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम और भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया गया था. जिन तीन अन्य व्यक्तियों के खिलाफ आरोपपत्र दायर किया गया है उनमें आरिफ अबुबकर शेख, शब्बीर अबुबकर शेख और मोहम्मद सलीम कुरैशी शामिल हैं और ये सभी मुंबई के रहने वाले हैं.

प्रवक्ता ने कहा, 'जांच से पता चला है कि आरोपी व्यक्ति एक आतंकवादी गिरोह और एक संगठित अपराध गिरोह डी-कंपनी के सदस्य हैं और उन्होंने विभिन्न प्रकार की गैरकानूनी गतिविधियों को अंजाम देकर गिरोह की आपराधिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने की साजिश रची.' एनआईए ने कहा कि साजिश को आगे बढ़ाने को लेकर उन्होंने लोगों को धमकाकर भारी मात्रा में धन जुटाया, एकत्र किया और जबरन वसूली की जो डी-कंपनी के लाभ के लिए था और वर्तमान मामले में एक आतंकवादी के लाभ के लिए था. साथ यह भारत की सुरक्षा को खतरे में डालने के इरादे से और आम जनता के मन में आतंक पैदा करने के लिए था.

# दोस्त के साथ दगाबाजी

## गर्लफ्रेंड पर रखता था बुरी नजर, चाकू से हत्या



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे में एक युवक ने दोस्त के साथ दगाबाजी किया है। युवक ने अपनी प्रेमिका के लिए दोस्त को मौत के घाट उतार दिया। आरोपी ने होटल मालिक का प्राइवेट पार्ट काटकर उसी के मुंह में ठूंस दिया। इसके बाद भी मन नहीं भरा तो उसने चाकू से आठ बार वार कर उसकी हत्या कर दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची ठाणे की शांतिनगर थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करके १२ घंटे में ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार मृतक की ४-५ गर्लफ्रेंड थी, इसके बाद भी आरोपी की गर्लफ्रेंड पर बुरी नजर रखता था।

पुलिस की पूछताछ में आरोपी अहमद (बदला हुआ नाम) ने बताया कि मृत होटल मालिक समशेर (बदला हुआ नाम) के साथ उसकी गहरी दोस्ती थी। उसने बताया कि शमसेर की चार-पांच गर्लफ्रेंड थीं। इसके बाद भी वह उसकी गर्लफ्रेंड के साथ अफेयर बढ़ा रहा था। जानकारी होने पर उसने मना भी किया लेकिन वो मानने को तैयार नहीं था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच बहस हुई। देखते ही देखते बहस मारपीट में बदल गई और अचानक अहमद ने जेब से चाकू निकालकर वार कर दिया। जब समशेर नीचे गिरा तो आरोपी ने उसका प्राइवेट पार्ट काटकर उसके मुंह में ठूंस दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की छानबीन कर हत्या का मामला दर्ज किया और महज १२ घंटे में आरोपी को गिरफ्तार करते हुए पूरे वारदात का खुलासा कर दिया। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां उसे १४ दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

पुलिस के मुताबिक प्रेमिका को लेकर पहले भी कई बार दोनों दोस्तों के बीच झगड़ा हो चुका था। हाल ही में अहमद ने उसे धमकी भी दी थी। कहा था कि जब प्राइवेट पार्ट ही नहीं होगा तो वह चार क्या दस भी गर्लफ्रेंड बना ले, कोई फायदा नहीं होगा। वारदात के समय भी वह इसी इरादे से अपने दोस्त के होटल पहुंचा था। रात में करीब १ से १:३० बजे के आसपास होटल बंद होने के बाद आरोपी ने चाकू से प्राइवेट पार्ट काट दिया।

## मेडिकल दुकान के बहाने बेच रहा था नशा:

# महाराष्ट्र से भेजी नशीली दवाई, अब पुलिस ने किया गिरफ्तार

**महाराष्ट्र :** राजनांदगांव पुलिस नशीली दवाओं के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने बीते दिनों एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। जिसके पास से बड़ी मात्रा में नशीली दवायां जब्त की गई थीं। अब उसी आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महाराष्ट्र के देवरी से मेडिकल स्टोर के संचालक को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 480 नग अवैध नशीली कैप्सूल जब्त की गई है।

पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार



ठाकुर के निर्देश पर चिचोला चौकी पुलिस की टीम द्वारा 6 नवंबर को आरोपी ठाकुर राम पटेल को लाल बहादुर नगर जाने वाले मोड़ के पास 3600 नग नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार किया था। आरोपी द्वारा पूछताछ में यह नशीली दवाइयां मनीष मेडिकल एंड जनरल स्टोर देवरी महाराष्ट्र से लाने की बात कही गई। जिस पर पुलिस टीम बनाकर महाराष्ट्र रवाना किया गया था।

मंगलवार को पुलिस ने मनीष मेडिकल स्टोर में जाकर स्थानीय पुलिस की मदद से रेड कार्रवाई की और मेडिकल स्टोर के संचालक मनीष कुमार अग्रवाल को पकड़ा है। आरोपी मेडिकल संचालक ही दुकान के बहाने नशा बेच रहा था। उसने ही आरोपी के बहाने ये नशीली दवाइयां छत्तीसगढ़ भेजी थी।

# 'समाज के लिए खतरा हैं शर्लिन चोपड़ा...' भड़के राज कुंद्रा ट्वीट कर बोले- जल्द होंगी अरेस्ट!


राज कुंद्रा पिछले काफी समय से सुर्खियों में छाए हुए हैं. जेल से बाहर आने के बाद से राज मीडिया के सामने मास्क लगाकर आते हैं. इसके अलावा वो पैपराजी के किसी सवालों के जवाब नहीं देते हैं. हालांकि राज कुंद्रा सोशल मीडिया पर वह काफी एक्टिव रहते हैं. राज कुंद्रा ने अपने एक लेटेस्ट पोस्ट में एक्टर और मॉडल शर्लिन चोपड़ा को समाज के लिए खतरा बताया है.

शर्लिन चोपड़ा ने राज कुंद्रा पर उन पर चल रहे केस के दौरान कई गंभीर आरोप लगाए थे. वहीं



हाल ही में राज ने ट्विटर पर एक फैन के सवाल का जवाब देते हुए शर्लिन को लेकर खुलकर बात की थी. अब राज कुंद्रा ने एक और नया ट्वीट शेयर किया है. इस ट्वीट में भी राज कुंद्रा ने शर्लिन चोपड़ा पर जमकर निशाना साधा है.

राज कुंद्रा ने कुछ देर पहले ही एक लेटेस्ट ट्वीट शेयर किया है. इस ट्वीट में उन्होंने लिखा है- यही मेरा प्वाइंट है कि अपने रेट कंटेट के लिए जिसे उन्होंने खुद मोनेटाइज करवाया क्यों किसी और पर इल्जाम डाल रही हैं. राज इतने पर ही नहीं रूके हैं उन्होंने तो शर्लिन को समाज के लिए खतरा तक बता दिया है. राज कुंद्रा आगे लिखते हैं कि वो अश्लीलता और महिला अधिकारों पर बात करती है . वहीं दूसरी ओर इस तरह की गंदगी पैदा करती है.



# राहुल गांधी को मिलेगा आदित्य ठाकरे का साथ...!

## शरद पवार भी यात्रा में होंगे शामिल

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र कांग्रेस नेता अशोक चव्हाण ने बुधवार को कहा कि एनसीपी प्रमुख शरद पवार और शिवसेना के आदित्य ठाकरे 11 नवंबर को कांग्रेस पार्टी की 'भारत जोड़ो यात्रा' में शामिल होंगे, जबकि एनसीपी के जयंत पाटिल, सुप्रिया सुले और जितेंद्र अवध कल शामिल होंगे. वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भी गुरुवार को पार्टी की 'भारत जोड़ो यात्रा' में शामिल होंगे. बता दें कि कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा मंगलवार को महाराष्ट्र पहुंच गई. कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को नांदेड़ जिले में एक गुरुद्वारे में मत्था टेकने के बाद यहां से पार्टी की 'भारत जोड़ो यात्रा' शुरू की थी. राहुल गांधी के



नेतृत्व में तमिलनाडु के कन्याकुमारी से सात सितंबर को 'भारत जोड़ो यात्रा' शुरू हुई थी. यात्रा के सोमवार रात तेलंगाना से महाराष्ट्र में प्रवेश के बाद मंगलवार सुबह कांग्रेस सांसद ने गुरु नानक जयंती के अवसर पर गुरुद्वारा यादगारी बाबा जोरावर सिंहजी फतेह सिंहजी में मत्था टेका. महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे और अशोक चव्हाण, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले, बालासाहेब थोरात, माणिकराव ठाकरे और नसीम खान सहित कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के कई नेता मंगलवार सुबह पदयात्रा में राहुल के साथ चलते दिखे.

राहुल गांधी ने कहा कि सितंबर से शुरू हुई यह पदयात्रा श्रीनगर में तिरंगा फहराने के साथ संपन्न होगी. उन्होंने कहा, ''कोई ताकत हमें नहीं रोक सकती है.'' उन्होंने कहा कि यात्रा का लक्ष्य देश को साथ लाना और देश के सामने खड़े मुख्य मद्दों को उठाना है. इसके साथ उन्होंने ये भी कहा कि ''भारत की सच्चाई यह है कि वह चाह कर भी युवाओं को रोजगार नहीं दे सकता है. एक ओर जहां बेरोजगारी है, वहीं दूसरी ओर महंगाई की मार है.''

# शिंदे गुट के सांसद ने दी आदित्य ठाकरे को चुनौती

## यह करो, तब खुदकी की सही जगह का पता चलेगी...

**महाराष्ट्र :** पिछले कुछ महीनों से महाराष्ट्र की राजनीती में कई बड़े बदला आये है। एकनाथ शिंदे सहित शिवसेना विधायकों और सांसदों के विद्रोह के बाद शिवसेना दो गुटों में बंट गई। इसके बाद से रोज ठाकरे और शिंदे समूह के नेता एक दूसरे पर आरोप लगाते नजर आ रहे हैं। अब शिंदे समूह के सांसद प्रतापराव जाधव ने आदित्य ठाकरे पर निशाना साधा है। सांसद जाधव ने आदित्य ठाकरे को विधायक से इस्तीफा देकर उपचुनाव में खड़े होने की चुनौती दी है। अब यह मामला चर्चा का विषय बन गया है।

**सांसद जाधव ने कहा..** सांसद ने कहा, आदित्य ठाकरे को पता चलेगा कि किसी के पीछे जनता



की राय कितनी है। सांसद प्रतापराव जाधव ने चुनौती दी है कि उन्हें अपने विधायक से इस्तीफा देकर उपचुनाव लड़ना चाहिए। उस वक्त आदित्य ठाकरे बीजेपी-शिवसेना गठबंधन को लेकर चुनाव में उतरे थे। इतना ही नहीं बल्कि जाधव ने ठाकरे पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि इसे भुलाया नहीं जाएगा।

इतना ही नहीं बल्कि इसके आगे बोलते हुए जाधव ने कहा कि हमें कभी उद्धव ठाकरे के साथ तस्वीर लेने को नहीं मिला, क्योंकि उन्हें समय नहीं मिलता था। अब कोई भी ड्राइवर मातोश्री जाकर सेल्फी लेता है, कमाल है। सांसद जाधव ने कहा है कि अगर ऐसा पहले होता तो शिवसेना पहली पार्टी होती। शिंदे के समूह में शामिल होने के बाद जाधव सीधे ठाकरे पर निशाना साध रहे हैं। इस तरह आये दिन महाराष्ट्र में सियासी माहौल गर्म बना हुआ है।

# कोस्टल रोड का ६५ प्रतिशत काम पूरा...



**मुंबई :** मनपा की महत्वाकांक्षी कोस्टल रोड परियोजना का काम इन दिनों बड़ी तेजी से चल रहा है। मनपा ने अपने टारगेट समय में इन प्रोजेक्ट्स को पूरा करने के लिए मानवबल बढ़ा दिया है। अब तक ६५ प्रतिशत काम पूरा हो गया है। शिवसेनापक्षप्रमुख उद्धव ठाकरे की संकल्पना पर इस परियोजना को बनाया जा रहा है। इससे मुंबईकरों को ट्रैफिक से छुटकारा मिलेगा।

मनपा के सर्वे रिपोर्ट के अनुसार इस प्रोजेक्ट के पूरा होने पर मरीन लाइन से वर्ली की दूरी महज ७ मिनट में तय होगी। वर्तमान में इस दुरी को तय करने में भीड़ के वक्त ४५ मिनट से अधिक समय लगता हैं। इसी के साथ ही वाहन चालकों का ७० फीसदी समय बचेगा। इतना ही नहीं ३४ फीसदी ईंधन की भी बचत होगी। मनपा की ओर से मुंबईकरों के लिए यह बड़ी सौगात होगी। इस पूरी परियोजना को नवंबर २०२३ तक पूरा करने का लक्ष्य मनपा ने रखा है।

# औरत के भेष में वो बेडरूम में आया लेकिन...

## मुंबई के अपार्टमेंट में उस शाम क्या हुआ ?

**बोरीवली :** मुंबई के बोरीवली का एक अपार्टमेंट जहां फर्स्ट फ्लोर पर 59 साल की हिना वसारिया नाम की एक महिला अकेली रहती हैं। महिला का बेटा पुणे में इंजीनियर है, हर हफ्ते बेटा घर आता है, लेकिन पूरे हफ्ते मां को अकेले ही रहना होता है। इस दौरान हिना की देखरेख का जिम्मा कमलेश हातिम नाम के एक शख्स को दिया गया है जो ग्राउंड फ्लोर में अपनी एक लैब चलाता है। लंबे समय से इसी तरह से इनका घर चल रहा है। कमलेश भी महिला का बेहतर तरीके से ध्यान रखता है इसलिए ये लोग कमलेश को घर का सदस्य मानते हैं।

**बोरीवली के अपार्टमेंट में क्या हुआ ?**

सोमवार की दोपहर को हिना अपने घर में सोई हुई थीं, तभी अचानक घर में एक महिला घुस आई। बेडरूम में घुसते ही इस महिला ने एक नुकिली चीज से हिना पर हमला कर दिया। साड़ी पहनी इस महिला ने पहले पेट पर हमला किया और फिर छाती पर,



हिना वसारिया मदद के लिए चिल्लाने लगीं। उन्होंने नीचे मौजूद कमलेश को आवाज दी। इतनी देर में हमला करने वाली महिला वहां से फरार हो गई, कमलेश ऊपर आया तो देखा कि हिना की हालात काफी खराब है, वो तुरंत उन्हें अस्पताल ले गया पुणे में रहने वाले हिना वसारिया के बेटे को खबर दी गई और वो घर लौटा। तब तक हिना की हालत थोड़ा ठीक हो गई थी। कमलेश और हिना का बेटा दोनों ही अस्पताल में हिना के साथ थे। पुलिस आयी, महिला का बयान लिया गया। पुलिस के सामने हिना ने चौंकाने वाला बयान दिया। उन्होंने बताया कि हमला करने वाला कोई और नहीं बल्कि कमलेश है जो उन्हें अस्पताल लेकर आया। महिला की देखरेख करने वाला कमलेश हातिम ही उस दिन अपार्मेंट में आया था। अब समझिए कैसे हुआ पूरा मामला। कमलेश ने ही हिना को मारने का प्लान बनाया। वो और साड़ी पहनकर और पूरा मेकअप करके औरत के भेष में अपार्टमेंट में घुसा और सोई हिना वसारिया पर हमला किया। जब वो कमलेश का नाम लेकर चिल्लाने लगीं तो महिला के भेष में बेडरूम में घुसा कमलेश वहां से बाहर निकल गया और दरवाजे को बाहर से लॉक कर दिया। ड्रॉइंग रूम पर कमलेश ने फटाफट अपनी साड़ी उतारी, मेकअप हटाया और अगले ही पल बेडरूम में दाखिल हो गया और हिना को संभालने की कोशिश करने लगा।

कमलेश का प्लान तो एकदम सही था। उसे लगा कि शायद महिला की मौत हो जाएगी, लेकिन अस्पताल में इलाज के बाद वो ठीक हो गईं। सबसे बड़ी बात जब कमलेश साड़ी पहनकर हिना पर हमला कर रहा था तो उन्होंने कमलेश को पहचान लिया था, लेकिन उस वक्त वो चुप रहीं।

# गोवंडी इलाके में खसरे का प्रकोप!

## 48 घंटे में 3 बच्चों की मौत से मचा हड़कंप...

**मुंबई :** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई से डरा देने वाली खबर सामने आ रही है. मुंबई के गोवंडी इलाके में खसरा फैल गया है. खसरे के बढ़ते प्रकोप से लोगों में दहशत का माहौल है. बीमारी से 48 घंटों में गोवंडी के रफी नगर में तीन बच्चों की मौत हो गई है. संक्रामक बीमारी के फैलने की पुष्टि खुद बीएमसी ने की है. इसके बाद बीएमसी ने पूरे इलाके में वैक्सीनेशन शुरू कर दिया है. बीमारी से जिन बच्चों की मौत हुई है वह तीनों एक ही परिवार के थे. इनकी उम्र 2 साल, 4 साल और 6 साल थी.

एक रिपोर्ट के अनुसार नाम न जाहिर करने की शर्त पर एक अधिकारी ने कहा कि 14 अक्टूबर को रफी नगर में खसरे के एक संदिग्ध मामले का पता चला था और अब तक वहां छह मामलों की पुष्टि हो चुकी है. मंगलवार को बीएमसी ने 914 घरों का सर्वे किया और 4,086 लोगों की स्क्रीनिंग की, जिनमें से 13 संदिग्धों को बुखार



और रैशेज होने की पहचान हो गई है. घटना के बाद, हमने सभी स्थानीय चिकित्सकों और निजी अस्पतालों को खसरे के मामलों की रिपोर्ट अपने संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों को देने के लिए पत्र लिखा है.

अधिकारी ने कहा कि ऐसी संभावना है कि कई मामले दर्ज नहीं किए गए हैं जैसा कि तीन बच्चों के मामले में हुआ था, जिन्होंने अपनी जान गंवाई. वहीं मामले की जांच कर रहे एक अधिकारी ने कहा कि बच्चे स्थानीय क्लिनिक में गए थे लेकिन डॉक्टर बीमारी की पहचान करने और हमें इसकी रिपोर्ट करने में सक्षम नहीं थे.

मालिक , मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाटसप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com